## समाचार

# सुनिश्चित करें कि सफाई कामगार निर्धारित ड्रेस व सुरक्षा साधनों के साथ करें सफाई का कार्य – आयुक्त

### ( आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण, सफाई कामगारों का किया भौतिक सत्यापन, निर्धारित ड्रेस व सुरक्षा साधनों के साथ सफाई कार्य करने के दिए निर्देश)

### (प्रत्येक बीट में '' स्वच्छतादूत '' पट्टिका के लगेंगे बोर्ड, जोन कार्यालयों में ली जाएगी सफाई मित्रों के थम्ब व फेस रीडिंग आधारित अटेंडेस)



कोरबा 16 अक्टूबर 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज दर्री क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों व सफाई कार्यएजेंसियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्यो में संलग्न सफाई मित्र, कामगार व स्वच्छता दीदियॉ कार्य स्थल पर निर्धारित ड्रेस पहने एवं आवश्यक सुरक्षा साधनों के साथ ही साफ–सफाई का कार्य करें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होने विभिन्न कार्य स्थलों पर पहुंचकर सफाई कामगारों का भौतिक सत्यापन किया तथा कहा कि जिन कामगारों को जो बीट आबंटित किए गए हैं, वे अपने निर्धारित बीट पर कार्य करें, सफाई कार्य निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप किए जाएं, यह भी सुनिश्चित कराएं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रत्येक स्वच्छता बीट में वहॉ के सफाई कार्य से जुड़ी

जानकारी प्रदर्शित करने हेतु '' स्वच्छतादूत '' पटि्टका के बोर्ड लगाने एवं सफाई मित्रों के थम्ब व फेस रीडिंग आधारित अटेंडेंस लिए जाने की व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय दर्री जोन पहुंचे, उन्होने दर्री क्षेत्र के विभिन्न वार्डो व बस्तियों का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया, वार्ड क्र. 60 दर्रीखार क्र. 02 एवं वार्ड क्र. 58 सरदार वल्लभभाई पटेल नगर की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों व आवासीय क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था को देखा, इस दौरान विभिन्न कार्य स्थलों पर सफाई कार्यो हेतु संलग्न सफाई कामगारों का स्थल पर ही भौतिक सत्यापन भी किया। उन्होने निगम के संबंधित अधिकारियों, निरीक्षकों व सफाई कार्य एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य के दौरान सफाई कामगार व स्वच्छता दीदियॉ निर्धारित ड्रेस में रहें तथा आवश्यक सुरक्षा साधनों के साथ ही सफाई का कार्य करें, यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि सफाई कार्य हेतु कर्मचारियों को जो–जो कार्य स्थल आबंटित किए गए हैं, जिन स्थानों पर उनकी तैनाती कार्य हेतु की गई है, वे उसी कार्य स्थल पर कार्य करें, ताकि सफाई के कार्य सुनियोजित रूप से संपादित हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देश देते हुए कहा कि सफाई के कार्य निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप हों, सफाई कार्य में उत्सर्जित अपशिष्ट का स्थल से उठाव साथ–साथ होता रहे, स्थल पर कचरा डम्प न हों, यह सुनिश्चित कराएं। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई एजेंसियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफाई कार्य में संलग्न सभी कामगारों को ड्रेस एवं उनका पहचान पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं।

**प्रत्येक बीट पर लगेगी '' स्वच्छतादूत '' पटि्टका** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो में पारदर्शिता व कसावट लाने के मद्‌देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्वच्छता बीट में '' स्वच्छतादूत '' पटि्टका के फ्लेक्सी बोर्ड लगाएं, जिस पर संबंधित सफाई मित्र की आईडेन्टिटी के साथ संबंधित स्वच्छता कमांडो व सुपरवाईजर के नाम एवं मोबाईल नंबर अंकित हों, ताकि आमनागरिक इसके आधार पर सफाई से जुड़ी समस्याओं व तथ्यों की सूचना देकर उनका तत्काल निराकरण पा सकें। इसके साथ ही ''स्वच्छतादूत '' पटि्टका में यह जानकारी भी अंकित हो कि उक्त स्वच्छता बीट कहॉ से कहॉ तक अर्थात किस घर से किस घर या स्थान तक है।

**ली जाएगी थम्ब व फेस रीडिंग अटेंडेंस** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो की बेहतरी की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो से जुड़े सफाई मित्रों, कामगारों आदि की समय पर वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निगम के सभी जोन कार्यालयों में थम्ब व फेस आधारित अटेंडेस सिस्टम स्थापित कराएं तथा उसी के माध्यम से दिन में 03 बार प्रातः 06 बजे, 10 बजे व दोपहर 02 बजे अटेंडेंस ली जाए।

**निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष फोकस** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने दर्री जोन के वार्ड क्र. 59 में निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। निगम द्वारा सीएसआर मद से वार्ड क्र. 59 दर्री थाना के समीप 09 लाख 45 हजार रूपये की लागत से बस स्टाप का निर्माण कराया जा रहा है, इसी प्रकार उसी वार्ड के उक्त स्थल के समीप ही सीएसआर मद से ही 25 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त दोनों निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा अधिकारियों व निर्माण

एजेंसियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखें तथा समयसीमा में कार्य को पूरा कराएं।

**कलमीडुग्गू छठघाट का निरीक्षण** — भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कलमीडुग्गू के समीप स्थित छठघाट का निरीक्षण किया, वहॉ पर किए जा रहे साफ—सफाई कार्यो का जायजा लेते हुए उन्होने छठघाट में चेजिंग रूम, प्रकाश व्यवस्था व बेहतर साफ—सफाई के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा घाट के समीप उगी जलकुम्भी की सफाई करने हेतु त्वरित कार्यवाही के निर्देश भी उनके द्वारा दिए गए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा व यशवंत जोगी, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, उप अभियंता रितेश सिंह आदि के साथ स्वच्छता कार्य एजेंसीं के प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।